प्रादेशिक समाचार

दिनांक–24.06.2024 (दोपहर–1455 बजे)

18वीं लोकसभा का पहला सत्र आज नवनिर्वाचित सांसदों के सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने के साथ शुरू हुआ। लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन के सदस्य के रूप में शपथ लेने वाले प्रथम सदस्य रहे। प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने श्री मोदी को शपथ दिलाई। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव तक सदन की कार्यवाही चलाने में श्री महताब की सहायता के लिए नियुक्त अध्यक्ष के पैनल की शपथ दिलाई गई। इससे पहले सुबह, प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शपथ दिलाई।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 18वीं लोकसभा का सत्र आज विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार देश की सेवा करने और जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास करेगी। सत्र से पहले संसद के बाहर मीडिया को जानकारी देते हुए श्री मोदी ने कहा कि सरकार चलाने के लिए बहुमत की आवश्यकता होती है लेकिन देश चलाने के लिए आम सहमति अति महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की जनता विपक्ष से उचित आचरण करने की आशा करती है।

****

पाकुड जिले में कक्षा 1 से 5 के विद्यार्थियों को आकर्षक ढंग से पढ़ाने के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से विशेष पहल की गई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

****

जमशेदपुर में किन्नरों ने प्राइड मार्च निकाल कर सरकार से अपने हक और अधिकार की मांग की। किन्नरों की संस्था उत्थान सीबीओ के सचिव अमरजीत सिंह ने बताया कि किन्नर समुदाय हमेशा सरकार के समक्ष अपनी मांगें रखता है, लेकिन हर बार उनकी मांगों को अनसुना कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि किन्नरों की बुनियादी जरुरतों पर सरकार को ध्यान देना चाहिए।

****

लोहरदगा जिले के पुलिस ने बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया हैं। एसपी हारिश बिन जमां ने बताया कि 139 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत 70 लाख रुपये बतायी गयी है। उन्होंने बताया कि सेन्हा थाना क्षेत्र के एक घर पर छापेमारी कर पुलिस ने तीन लग्जरी गाड़ियों से गांजा, नशे की गोलियां, इंजेक्शन और बयालीस हजार से ज्यादा नगद बरामद किये गये हैं। हालांकि छापेमारी के दौरान मकान मालिक भागने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

****

जामताड़ा सदर अस्पताल में आज स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । शिविर में सदर अस्पताल के सभी चिकित्सकों और कर्मियों ने रक्तदान किया। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डा. आलोक कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि रक्तदान के लिए सभी लोगों को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे किसी को नयी जिन्दगी मिल सकती है।

****

झारखंड में इस मानसून सीजन 65 फीसदी कम बारिश हुई है। 17 जिले ऐसे हैं, जहां 60 फीसदी से कम वर्षा हुई है। वहीं, 7 जिले ऐसे हैं, जहां 20 फीसदी से 59 फीसदी तक कम वर्षा हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र रांची ने यह जानकारी दी है। मौसम विभाग से मिले आंकड़े के मुताबिक 1 जून से 23 जून के बीच झारखंड में आमतौर पर 132 दशमलव 2 मिलीमीटर वर्षा होनी चाहिए लेकिन इस अवधि में मात्र 46 दशमलव 4 मिलीमीटर वर्षा हुई है। यह सामान्य वर्षापात से 65 फीसदी कम है।

****

झारखंड हॉकी के पदाधिकारी हॉकी पेरिस ओलंपिक में शामिल होंगे। इन पदाधिकारियों में हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह, महासचिव विजय शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष असरिता लकड़ा और सीईओ रजनीश कुमार शामिल हैं। इस दौरान असरिता लकड़ा 28 से 31 जुलाई तक तो वहीं विजय शंकर सिंह और रजनीश कुमार पांच अगस्त से 10 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक खेलों का लुत्फ उठाएंगे। इनका सारा खर्च हॉकी इंडिया की टीम उठायेगी। पेरिस में ओलंपिक खेलों का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होना है।

*********समाप्त*********